| Publication : Hari bhoomi | Date : 10.2015 |
| --- | --- |
| Edition : Raipur | |


# बजाज एलियांज ने की वर्चुअल ऑफिस की शुरुआत

रायपुर। बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने प्रदेश के आधा दर्जन जिलों में वर्चुअल ऑफिस की शुरुआत कर दी है। यहां ग्राहकों को बीमा और लेनदेन से जुड़ी सुविधाएं मिलेंगी। बजाज एलियांज के एमडी और सीईओ तपन सिंघल ने पत्रकारवार्ता में बताया, कंपनी का उद्देश्य अगले पांच साल में अधिक से अधिक लोगों को बीमा की सुविधा से जोड़ना है। इसके लिए वर्चुअल ऑफिस बेहद मददगार है। इसी वजह से रायपुर के साथ ही अंबिकापुर, रायगढ़, राजनांदगांव, कबीरधाम और बलौदाबाजार में वर्चुअल ऑफिस प्रारंभ किया गया है। इसमें ग्राहक बीमा सेवाओं से सीधे जुड़ सकेंगे। कंपनी का कर्मचारी टैबलेट के माध्यम से ग्राहक को वही सुविधा उपलब्ध कराएगा, जो ब्रांच या हेड ऑफिस में मिलती है। उन्होंने बताया डिवीजनल लेनदेन की दिशा में यह बड़ा प्रयास है। इससे आमतौर पर बीमा और बैंकिंग के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी पर अंकुश लगेगा। सीधे मुख्यालय से जुड़े होने की वजह से ग्राहक बिचौलियों से बच जाएंगे। उन्हें सिर्फ बजाज एलियांज की अधिकृत स्कीमों की ही जानकारी मिलेगी। इसके साथ वे अपने करीबी शहर से ही लेनदेन और इंश्योरेंस करा सकेंगे।